राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर,

गणतंत्र दिवस पर राजभवन में एट होम आयोजित

जयपुर, 26 जनवरी। देश के 75वें गणतंत्र दिवस पर शुक्रवार सायं राजभवन में राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के सान्निध्य में एट होम आयोजित हुआ।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सांसद श्री घनश्याम तिवाड़ी, श्री सी.पी. जोशी तथा अन्य विशिस्टजनों की उपस्थिति में हुए इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्यजन सम्मिलित हुए। सभी ने राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मुलाकात कर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक श्री यू.आर. साहू, जनप्रतिनिधि, कुलपति, प्रशासन, पुलिस और सेना के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद, न्यायाधिपतिगण, समाजसेवी, मीडिया के प्रतिनिधि और विषिष्टजन उपस्थित थे।

———————

राजभवन में स्थापना दिवस मनाया गया

राज्यपाल श्री मिश्र ने दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव स्थापना दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी

जयपुर, 26 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव स्थापना दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने स्थापना दिवस पर यहा के स्थानीय जनों से अनौपचारिक संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि भारत की भौगोलिक विविधता और जैव विविधता की दृष्टि से दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव का अहम स्थान है।

उन्होंने एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविंद राम जायसवाल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

—————


राजभवन, राजस्थान
हवेली एवं दमन और दीव स्थापना दिवस
26 जनवरी, 2024